तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 3 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 जलसंकट को लेकर परसुलीडीह हाउसिंग ...





12 प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में सुरक्षित है हमारा देश ...




# सैकड़ों लोगों ने बाइक रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा निर्वाचन - 2024 को लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है। लगातार पूरे जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के साथ मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने गुरूवार को ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में बाइक रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ के स्कूल के उत्साहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मतदान के किए प्रेरित किया।

## मतदाता जागरूकता अभियान में अधिकारी-कर्मचारी सहित युवा व महिला हुए शामिल



### 7 मई को होगा मतदान

संसदीय क्षेत्र 7 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीन विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के मतदाता मतदान करेंगे। यहां लोकसभा निर्वाचन के तीसरे चरण में 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे।



बाइक रैली में अधिकारियों के साथ नगर के सैकड़ों युवाओं और महिलाओं ने भी सहयोग किया और अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने जागरूक किया। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई। कलेक्टर श्री शर्मा बुलेट के पीछे बैठकर शामिल हुए। पूरे नगर में भ्रमण किया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने भी नगर में जागरूकता के लिए रैली शामिल हुए और जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने नगर के नागरिकों को बेसिक मैदान मैदान रैली के साथ पहुंचकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को ▶▶| शेष पेज 11 पर

### जुंबा डांस से मतदान के लिए किया प्रेरित

बेसिक मैदान में जुंबा डांस कार्यक्रम कर सेहत और उत्साह के साथ मतदान जरूरी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सबसे मिक्स और रॉक सॉन्ग में जुंबा डांस की प्रस्तुति दी। इस दौरान मैदान में उपस्थित लोगों ने उत्साह के साथ जुंबा डांस किया। इसके बाद सभी को एक्सरसाइज कराया। विभिन्न स्टेप से डांस के माध्यम से उत्साह के साथ सभी को एक्सरसाइज करने की तकनीक बताई।

## खबर संक्षेप

### संडी के युवाओं ने खोला सार्वजनिक प्याऊ



**बेमेतरा/नारायणपुर।** युवा मंडल ग्राम समिति के युवाओं द्वारा एक नेक और सुंदर पहल की शुरुआत की गई है। यह दूसरा वर्ष है जब राहगीरों को भीषण गर्मी से निजात दिलाने प्याउ खोला गया। साहड़ा देव चौक वृक्ष के नीचे शीतल प्याऊ में 10 घड़ों में शीतल जल की व्यवस्था की गई है। पुलिस जवान प्रधान आरक्षक संदीप साहू ने फीता काटकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर इस पुनीत कार्य की शुरुआत की। इस कार्य में मुख्य सहयोगी गांव के युवागण राज, सत्यम, शिवम, देवलाल, डिकू दादू ,महेंद्र, नीरज, करण, अश्विनी, चित्रेन, घनश्याम, फूल सिंह, सुभाष, नीलकंठ, देवाराम, अमित व अन्य ग्रामीण तथा राहगीर उपस्थित रहे।

### सामान्य प्रेक्षक शेट्टीनावर ने ईवीएम कमीशनिंग कार्य का लिया जायज़ा



**बेमेतरा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) एस. बी. शेट्टीनावर (आई.ए.एस.) ने देर शाम ज़िला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में चल रही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्र. 07 दुर्ग अन्तर्गत बेमेतरा ज़िले की तीनों की विधानसभा क्षेत्र के लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में उपयोग होने वाले मतदान युनिट (बीयू) , नियंत्रण युनिट (सीयू) एवं वीवीपैट मशीनों के कमीशनिंग व सीलिंग कार्य का जायज़ा लिया। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कमीशनिंग व सीलिंग कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पास ही ईवीएम स्ट्राँग रूम है। जहां पूरी सुरक्षा है। उन्होंने बताया कि 6 मई को मतदान सामग्री भी यही से किया जायेगा और सामग्री वापसी भी यही होगी। प्रेक्षक शेट्टीनावर ने पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने मतदान दलों को पेयजल, केंटिन, वहाँ पार्किंग आदि की जानकारी ली। सभी तैयारी समय पर पूरी करने के निर्देश दिये।

### गाली-गलौज करने वाले गए जेल

**डौंडीलोहारा।** ग्राम पंचायत चिल्हाटी कला के सचिव रूपचंद यदुवंशी के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय में अपने पुराने बकाया पैसे की मांग को लेकर गालीगलौज व दुर्व्यवहार करने के आरोप में बदमाश परमेश गोरे व लोकनाथ साहू दोनों निवासी ग्राम चिल्हाटी कला को धारा 151 जाफो के तहत गिरफ्तार अनुविभागीय दंडाधिकारी डौंडीलोहारा द्वारा जेल वारंट बनाए जाने से जेल दाखिल किया गया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने लगाया आरोप, नवागढ़, थान खम्हरिया व बारगांव में ली चुनावी सभा

# आरक्षण व संविधान बदलकर प्रजातंत्र को खत्म करना चाहती है भाजपा : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़/थान खम्हरिया

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू के पक्ष में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में महती जनसभा कर केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने केंद्र की नाकामियों को गिनाते हुए कहा कि लोकसभ चुनाव के पहले ही केन्द्र की मोदी सरकार ने असली रूप दिखाना शुरू कर दिया था। ईडी व आईबी जैसे संस्थानों का दुरूपयोग कर दो निर्वाचिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व अरविंद केजरीवाल को जेल भेजकर लोकतंत्र पर कुठाराघात किया है। अब भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। इसका मतलब देश में आरक्षण व संविधान बदलकर प्रजातंत्र को खत्म करना चाहती है। श्री बघेल ने कहा कि देश में लोकतंत्र है, तभी हमारा अस्तित्व है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी मंगलसूत्र की बातें करते हैं, उन्हें मालूम नहीं है कि देश की माता एवं बहनों ने देश की आजादी के लिए अपने अपने मंगलसूत्र न्योछावर कर दिये थे। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र की मोदी सरकार झूठे वादे करती है। कालाधन लाने, देश में दो करोड़ रोजगार देने तथा किसानों की आय दोगुना करने जैसे वादे पूरी नहीं कर पायी है। श्री बघेल ने कहा कि देश में लोकतंत्र को जीवित रखने, कांग्रेस का समर्थन करने की आवश्यकता है। जनसभा को पूर्व कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ,गुरुदयाल सिंह बंजारे , जिलाध्यक्ष बंशी पटेल ने भी संबोधित किया।







### प्रदेश अध्यक्ष बैज ने बताए पार्टी के वादे

सभा में शामिल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र मे कांग्रेस की सरकार बनती है तो मनरेगा मजदूरों को 400 रूपए मजदूरी दर, महालक्ष्मी नारी न्याय योजना अंतर्गत महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रूपये के साथ ही 30 लाख बेरोजगार युवाओं को शासकीय नौकरी देने की वादे हर हाल में पूरी करेगी। श्री बैज ने प्रदेश सरकार पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की सभी जनहितकारी योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया। उन्होंने वर्तमान सांसद को नाकाम बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को रिकार्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की।

### कांग्रेस प्रत्याशियों पर नाम वापसी के लिए दबाव बनाने का आरोप

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र सरकार पर गौमांस निर्यात कंपनी से 2.75 करोड़ चंदा लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार बनने के बाद देश में गौमांस निर्यात दोगुना हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि ईडी व आईबी जैसी शासकीय संस्थाओं का भय दिखाकर कांग्रेस प्रत्याशियों का पर्चा निरस्त करने या फिर नाम वापसी के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो मोदी की हताशा दिख रही है। इसलिए केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनाने का आव्हान किया। इससे पूर्व बेमेतरा, साजा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आत्मीय स्वागत किया। चुनावी सभा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ही आमजन उपस्थित थे।

### समाज के गुरू व विधायक ने भाजपा प्रत्याशी विजय के समर्थन में ली सभा

## कांग्रेस ने किया सतनामी समाज का शोषण, गुरु खुशवंत ने लगाया आरोप

**नवागढ़।** सतनामी समाज के गुरु एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने गुरुवार को दुर्ग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय के समर्थन में नवागढ़ विधानसभा के विभिन्न ग्रामों नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया। गुरु के आगमन पर मेन चौक नवागढ़ में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सतनामी समाज का शोषण करने का काम किया है, गिरौदपुरी का कोई विकास नहीं किया। वहीं,



भाजपा के शासनकाल में बना भव्य जैतखाम विकास की गाथा बयां करता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। घर घर शौचालय, हर घर गैस सिलेंडर व चूल्हा एवं 01 हजार रुपये प्रति माह महतारी वंदन योजना की राशि से महिला सशक्तिकरण को ओर भाजपा कदम बढ़ा रही है। इस दौरान एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, दयावंत बांधे, हरिकिशन कुर्रे, जिला महामंत्री मधु राय, महेश टंडन, नरेंद्र शर्मा, अजय तिवारी, छन्नू गुप्ता, भगत कुंभकार, महेंद्र जायसवाल, गुड्डा खान, दुर्गा सोनी, राजेश चतुर्वेदी, तीर्थ राज, राजमहंत अनूप कुर्रे, गुलशन डिंडे,धरम दिवाकर, विजय टंडन, मोहन चेलक सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा को फिर से महतारी वंदन का सहारा, तो गृहलक्ष्मी योजना के फार्म भरवा रही कांग्रेस

# महिला मतदाताओं को साधने बीजेपी-कांग्रेस में मची होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा चुनाव में भले ही आम आदमी से जुड़े मुद्दे गौण हो गए हैं, लेकिन इस चुनाव में फतह हासिल करने भाजपा और कांग्रेस दोनों ने महिला वोटरों को चुनावी हथियार बना लिया है। विधानसभा चुनाव में महतारी वंदन के अंडर करंट से सत्ता में आई भाजपा जहां लोकसभा सीट जीतने फिर से महिलाओं से समर्थन लेने घर घर जा रही है, तो वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ता भी महालक्ष्मी न्याय योजना के तहत हर साल एक लाख रूपए देने का वादा करते हुए गली-गली और मोहल्लों के घर-घर जाकर महिलाओं से फॉर्म भरवा रहे हैं।

बता दें कि दुर्ग संसदीय क्षेत्र में पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की संख्या है। विधानसभा में भाजपा की जीत की बड़ी वजह महतारी वंदन योजना बनी थी। उसे उदाहरण मानकर एक बार फिर भाजपा इसकी दुहाई देकर घर-घर समर्थन लेने जा रही है। वहीं, लोकसभा चुनाव जीतने इसी रास्ते पर चल पड़ी कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में गरीब महिलाओं को हर साल 1 लाख रुपए देने की घोषणा की है, जिसे लेकर शहर और गांव में कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता घर में पहुंचकर बाकायदा महिलाओं को घोषणा पत्र की जानकारी दे रहे हैं, वहीं लगे हाथ उनसे फॉर्म भी भरवा रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी द्वारा दुर्ग संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, जिसकी चर्चा इन दिनों काफी चरम पर होने लगी है। बहरहाल सांसद चुनने के लिए अब सिर्फ 4 दिन शेष रह गए हैं। लोक सभा चुनाव में वैसे तो 25 प्रत्याशी मैदान में हैं परन्तु कांग्रेस ओर बीजेपी में ही मुख्य लड़ाई जमीन पर है । देखना की आगामी 7 मई को जिले के मतदाता भाजपा द्वारा दूसरी बार भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाए गए वर्तमान सांसद विजय बघेल को पुनः मौका देती है या फिर कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को अपना सांसद चुनती है।



### पुरुषों के मुकाबले 6360 महिला मतदाता अधिक

दुर्ग संसदीय सीट में मतदाताओं की संख्या 20 लाख 90 हजार 414 मतदाता है जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें पुरुषों की संख्या जहां 10 लाख 42 हजार है, वहीं महिलाएं 10 लाख 48 हजार 360 हैं। इस तरह पुरुषों के मुकाबले यहां 6 हजार 360 महिला मतदाता अधिक हैं। यही कारण है कि न सिर्फ भाजपा बल्कि कांग्रेस ने भी इस लोकसभा चुनाव में महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना लॉन्च कर खलबली मचा दी है।हालांकि उनकी इस योजना को लेकर लोगों में यह चर्चा भी आम है, कि इतनी रकम कहां से लाई जाएगी, जिसका जवाब उन्हें नहीं मिल पा रहा है।

# केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स व पुलिस जवानों ने किया फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला मुख्यालय के विभिन्न मार्गों पर पुलिस फोर्स ने फ्लैग मार्च किया।

सिटी कोतवाली प्रभारी चंद्रदेव वर्मा एवं केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स व मध्य प्रदेश से आए पुलिस जवानों ने स्थानीय पुलिस जवानों के साथ थाना सिटी कोतवाली स्थित कंट्रोल रूम परिसर से शहर के पुराना बस स्टैण्ड, गस्ती चौक, सिंघौरी चौक, दुर्गामंदिर नयापारा, बजारपारा, पीर्यस चौक, बस स्टैण्ड, जय स्तंभ चौक, रेस्ट हाउस चौक, पांडे तालाब, बिजली आफिस, नवागढ तिराहा, कोबिया तिराहा एवं अन्य जगहो में फ्लैग मार्च करते हुए पेट्रोलिंग किया गया। पुलिस अधीक्षक राम कृष्ण साहू ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, शांति व सुरक्षा व्यवस्था एवम चुनाव शांतिपूर्ण संम्पन्न कराने केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स/मध्य प्रदेश पुलिस एवं बेमेतरा पुलिस जवानों ने विभिन्न ग्रामों के गली मोहल्लो एवं प्रमुख मार्गो में फ्लैग मार्च निकाल कर आम जन को आश्वस्त किया कि चप्पे-चप्पे पर उनकी सुरक्षा के लिए हम तैनात हैं। उन्होंने कहा कि आम जन को किसी भी के प्रलोभन में न आकर निर्भीकता से मतदान देने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि यदि किसी के द्वारा प्रलोभन दिया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# हमारा एक वोट समाज में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकता है : डॉ साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केंद्र में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र, ढोलिया, बेमेतरा द्वारा लोकसभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भण्डारकर ने किया।

कार्यक्रम में प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. टी डी साहू ने कहा, "हमे प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए प्रेरित करने का कर्तव्य निभाना चाहिए। हमारा एक एक वोट समाज में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकता है।" कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साक्षी बजाज ने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस महोत्सव को उत्साह के साथ मनाएं और मतदान के दिन को एक त्योहार के रूप में सेलिब्रेट करें। इस अवसर पर, कॉलेज के अनेक प्राध्यापक और अधिकारी जैसे कि डॉ. के पी वर्मा, इन. उमेश कुमार ध्रुव, डॉ. असित कुमार पाण्डेय, कुंती बंजारे, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. प्रीती पैंकरा, डॉ. भारती बघेल, प्रतिभा सिंह सहित कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के प्रभारी तोषण कुमार ठाकुर, डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी, डॉ. लव कुमार, डॉ. तृप्ति ठाकुर और डॉ. अखिलेश कुमार कुल्मित्रा ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से छात्रों और स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो मतदान के महत्व को समझते हुए और इसे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध दिखे।

यह कार्यक्रम न केवल जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इसने सभी को लोकतंत्र के महत्व और उसमें हर एक वोट की ताकत को समझने का एक अवसर भी प्रदान किया।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# चुनाव ड्यूटी से 1500 के नाम कटे, 1000 आवेदन किए गए रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर जिले में जिला प्रशासन ने करीब 11 हजार 5 सौ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें से ढाई हजार कर्मचारियों ने चुनाव ड्यूटी से नाम कटाने के लिए आवेदन भी किया था, जिनमें से लगभग 15 सौ आवेदनों को मंजूरी देते हुए उन कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी की सूची से हटा दिए गए हैं। इसके अलावा एक हजार आवेदन रिजेक्ट हुए हैं। चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने व जोड़ने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए जिला पंचायत रायपुर के सीईओ विश्वदीप का कहना है कि चुनाव ड्यूटी करने से हर कोई बचना चाहता है। इसके लिए कई कर्मचारियों ने बहाना बनाते हुए आवेदन किया था, लेकिन उन्हीं कर्मचारियों को ड्यूटी से अलग किया है, जिनकी समस्या गंभीर है।

खास खबर

### सिर-बदन दर्द, रिश्तेदार के यहां शादी जैसे आवेदन रिजेक्ट

चुनाव ड्यूटी से नाम कटाने के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारियों ने तरह-तरह के बहाने बनाए थे। इनमें कोई सिर-बदन दर्द, पैदल चलने में दिक्कत, रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में सम्मिलित होना, छोटे बच्चों की देखरेख, बड़े-बुजुर्ग की देखरेख जैसी कई तरह की समस्या बताते हुए कर्मचारियों ने अपना नाम चुनाव ड्यूटी से पृथक करने के लिए आवेदन किया था। ऐसे आवेदन करीब एक हजार थे। इन सभी आवेदनों को रिजेक्ट किया गया है।

### गंभीर बीमारी, डबल चुनाव ड्यूटी, गर्भवती के साथ घर में शादी-मृत्यु जैसे आवेदनों को मिली मंजूरी

### जिनके नाम कटे उनकी जगह रिजर्व कर्मचारी करेंगे ड्यूटी

जिन कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी से हटाए गए हैं, उनकी जगह अब रिजर्व में रखे गए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए रिजर्व में रखे गए कर्मचारियों को ड्यूटी संबंधी आदेश पत्र भी जारी किया है।



### जिनकी समस्या गंभीर, उनके नाम काटे गए

गंभीर समस्या वाले 15 सौ कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी से पृथक तथा एक हजार आवेदन रिजेक्ट किए हैं।

- विश्वदीप, नोडल अधिकारी व सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

### ऐसी समस्या वाले आवेदनों को दी गई मंजूरी

चुनाव ड्यूटी से जिनके नाम सूची से अलग किए गए हैं, उनमें गर्भवती महिला, दूधमुंहे बच्चे की मां, हार्ट पेशेंट, कैंसर, हाई बीपी-शुगर से पीड़ित जैसी बीमारी वाले कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा कई कर्मचारियों की चुनाव में डबल ड्यूटी लगा दी गई। ऐसे कर्मचारियों को भी राहत देते हुए उनके नाम पोलिंग बूथ की ड्यूटी से हटाए गए हैं। कुछ कर्मचारियों के घर में शादी समारोह है, तो किसी के परिवार में सदस्य का निधन हो गया है। ऐसे कर्मचारियों के आवेदनों को भी मंजूरी देते हुए उन्हें चुनाव ड्यूटी पृथक किया गया है।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित जे-सेवन फिटनेस में जिम के सदस्यों के लिए बुधवार को निशुल्क हेल्थ चेकअप और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 25-30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। साथ ही 70 से अधिक लोगों ने रक्त जांच कराई। साथ ही हीमोग्लोबिन काउंट, एचआईवी, मलेरिया, वीडीआरएल, डेंटल एवं आई चेकअप की सुविधा से अपने-अपने स्वास्थ्य संबंधित प्रश्नों पर परामर्श प्राप्त किया। यह शिविर जिम प्रबंधन के नेतृत्व में किया गया। शिविर में उपस्थित सभी सदस्यों को रक्तदान की महत्वता की जानकारी दी और रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र बांटकर उनके सहयोग की सराहना भी की गई।

### सेवानिवृत्त व्याख्याता चतुर्वेदी का किया सम्मान



**रायपुर।** अमलीडीह स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वरिष्ठ अंग्रेजी व्याख्याता रामगोपाल चतुर्वेदी का अधिवर्षिकी आयु पूर्ण करने के कारण सेवानिवृत्ति पर बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त शाला परिवार की तरफ से व्याख्याता रामगोपाल चतुर्वेदी को शॉल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ में उपहार स्वरूप म्यूजिक सिस्टम भी दिया गया। विद्यालय की सुषमा कौशल्या, कामना उपाध्याय ने चतुर्वेदी के बारे में अपने सरगम विद विचार प्रकट किए। उनकी ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा व समय की पाबंदी पर सभी ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रुप से नारायण लाल साहू, सुषमा कोसरिया, कामना उपाध्याय, योगिता नरवरे, दिव्या शर्मा, श्वेता सिंह, दिनेश साहू उपस्थित थे।

### सुविधा विस्तार के लिए आश्रम कार्यालय निर्माण

**रायपुर।** बाल आश्रम कचहरी चौक के कार्यालय भवन का उद्घाटन बुधवार को किया गया। डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। नए कार्यालय को सुविधायुक्त बनाने प्रयत्न किया गया है, ताकि बच्चों को अधिकतम सुविधाएं मिल सकें। इस मौके पर सदस्यों ने कहा कि उनके द्वारा कोशिश की जा रही है कि अधिक से अधिक लोगों तक सुविधाएं पहुंचाई जा सकें। संस्था अध्यक्ष अजय तिवारी, गोकुल दास, राजकिशोर नत्थानी, सुरेश शुक्ला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण और सुदामा से सीखें मित्रता निभाना : पं. शुक्ला



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित महामाया मंदिर के सामने आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में बुधवार को भगवताचार्य पं. मनोज शुक्ला महाराज ने व्यास स्वरूप पं. शुक्ला ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे, परंतु विडंबना है कि आजकल स्वार्थ की मित्रता अधिक रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। दोस्ती कैसे निभाना चाहिए ये सुदामा और श्रीकृष्ण ने बताया है। जब सुदामा और कृष्ण संदीपिनी आश्रम उज्जैन में शिक्षा ले रहे थे, तब एक चोर एक भिखारिन के यहां चोरी कर चने की पोटली आश्रम मे छुपाया था, जिसे साफ सफाई के समय गुरु माता ने देखा और कृष्ण व सुदामा जो लकड़ी लेने वन जा रहे थे उन्हें बांटकर खा लेने कहा। वहां वन में मौसम बिगड़ा पानी गिरने लगा तो दोनों पेड़ पर चढ़ गए।

### महिलाएं, बच्चे और युवाओं ने बैनर-पोस्टर लेकर किया प्रदर्शन

# जलसंकट को लेकर परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जलसंकट से परेशान परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों ने पानी की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। पानी नहीं, तो वोट नहीं के बैनर-पोस्टर के साथ पंडाल तानकर धरना दिया। रहवासियों ने 5 मई तक पानी की पाइप लाइन नहीं बिछाने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी भी दी है। कालोनी वासी 25 अप्रैल से धरने पर हैं।

हरिभूमि सरोकार

रायपुर ग्रामीण क्षेत्र स्थित परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासी पानी की समस्या से बेहद परेशान हैं। प्रभावित कालोनी की महिलाओं का कहना है कि रोज सुबह उन्हें निस्तारी के लिए तालाब जाना पड़ता है, जबकि लाखों रुपए देकर उन्होंने छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड से मकान खरीदा है। इसके बाद भी नियमित जल आपूर्ति का अब तक स्थायी प्रबंध नहीं किया गया है और न ही उनकी कालोनी में जल आपूर्ति के लिए पानी की पाइप लाइन बिछाई गई। इसके कारण वे भीषण गर्मी में पानी की समस्या से परेशान हैं। ये स्थिति विगत 10 वर्षों से बनी हुई है। शिकायत के बाद भी न तो क्षेत्र के पूर्व विधायक और न ही नव निर्वाचित विधायक ने उनकी समस्या दूर की। इसीलिए 25 अप्रैल से धरने पर बैठे हैं।

### पानी नहीं तो वोट नहीं, 5 तक अल्टीमेटम






### निगम के अधिकारियों का व्यू

#### 10 साल से हाउसिंग बोर्ड को फ्री में पानी दे रहे, पाइप लाइन नहीं बिछवाई

परसुलीडीह रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र से 4 किलोमीटर दूर है। इसके बाद भी नगर निगम 10 साल से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को परसुली हाउसिंग बोर्ड कालोनी के लिए निःशुल्क जल आपूर्ति कर रहा है। सड्डू की पानी टंकी से रोजाना 8 लाख लीटर पानी वहां जा रहा है, पर हाउसिंग बोर्ड वाले केवल 2 टैंकर चलाते हैं। पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन नहीं बिछवा पाये, हमने पानी आपूर्ति में कोई कमी नहीं की।

- संतोष पांडे, जोन कमिश्नर, नगर निगम जोन 9

#### सड्डू की बड़ी टंकी से पानी दे रहे थे निगम ने लाइन पंक्चर कर दिया : हाउसिंग बोर्ड

सड्डू की बड़ी पानी टंकी से परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी को जल आपूर्ति होती रही है। नगर निगम ने वहां ईरानी डेरा बनाकर हमारी लाइन पंक्चर कर दी। इससे पानी का फोर्स कम हो गया है। जलसंकट दूर करने टेकारी सरपंच के पास बोरवेल खनन के लिए जमीन मांगी। चिन्हांकित 2 जगहों पर बोरवेल खनन कराया है, जिसमें पर्याप्त पानी मिला है। एक दो दिन में उसमें पंप उतारा जायेगा। पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने खोदाई करवा रहे हैं। नगर निगम ने जनहित में जल आपूर्ति की मात्रा बढ़ाई है। छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड इसकी सतत निगरानी कर रहा है।

- संदीप साहू, डिप्टी कमिश्नर, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल

## तपता रायगढ़ 44 के करीब, शहर की गर्मी में नहीं हुआ बदलाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मई की शुरुआत में गर्मी ने राज्य में अपना तेज असर दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार को रायगढ़ सबसे अधिक गर्म रहा और वहां का तापमान 44 डिग्री के करीब रिकार्ड किया गया। रायपुर के तापमान में किसी तरह का बड़ा बदलाव नहीं हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक राज्य में गर्मी का प्रकोप अभी तीन से चार दिन तक जारी रहेगा। अप्रैल के अंतिम दो दिनों में तेज धूप ने रायपुर समेत पूरे राज्य में अपना असर दिखाना शुरू किया था। बुधवार एक मई को रायगढ़ का तापमान अन्य शहरों को पीछे छोड़ते हुए 43.9 डिग्री तक पहुंच गया। इसके अलावा रायपुर में भी गर्मी बढ़ी और तापमान में पिछले चौबीस घंटे की तुलना में दशमलव 2 डिग्री की वृद्धि हुई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मई में गर्मी अपना असर दिखाएगी और इस माह लू चलने के साथ नवतपा का असर भी रहेगा। शहर में तेज धूप की वजह से दोपहर बाद शहर की सड़कों में सन्नाटा छाया रहा। जिन्हें अधिक आवश्यकता थी, वही बाहर निकले। राज्य में बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त हवा की मात्रा में कमी हो चुकी है। इसीलिए पारा गर्म होने लगा है।

### थोक में रद्द रहेगी लोकल, पैसेंजर ट्रेन

## गर्मी की मार के साथ ट्रेन कर रही बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नागपुर रेल मंडल के इतवारी स्टेशन में होने वाले काम के कारण दो किस्तों यानी 8 से 10 और 19 से 31 मई को संचालित होने वाली लोकल और पैसेंजर ट्रेनों की आ वा जा ही बाधित रहेगी। यात्रियों को गर्मी की मार के साथ ट्रेनों की अनियमित चाल भी झेलनी पड़ेगी।

■ नागपुर रेल मंडल के इतवारी स्टेशन में होगा काम

एलएचएस पुशिंग का कार्य की वजह से डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर, नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस की आवाजाही 8 से 11 मई के बीच रद्द रहेगी। गोंदिया-इतवारी मेमू, इतवारी-रामटेक पैसेंजर, इतवारी-बालाघाट, इतवारी-तिरोड़ी पैसेंजर, तिरोड़ी-तुमसर पैसेंजर और स्पेशल, इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस 8 से 10 मई के बीच नहीं चलेगी। इसकेअलावा इतवारी-रींवा एक्सप्रेस इस माह में केवल 14 दिन आवाजाही करेगी। दूसरी किश्त में 19 से 31 मई के बीच नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का संचालन नहीं होगा। विभिन्न स्टेशनों में किए जाने वाले विकास कार्य का हवाला देकर पिछले कई समय से पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। इसके साथ बची खुची जो ट्रेनें चल रही हैं, उनकी अनियमित चाल की वजह से भी लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।



*एक और समर स्पेशल ट्रेन*

*गर्मी में यात्रियों को अधिक बर्थ की सुविधा दिलाने के लिए समर स्पेशल चलाने के दौरान में तीन फेरे की एक और ट्रेन की घोषणा की गई है। सूरत-ब्रह्मपुर-सूरत साप्ताहिक समर स्पेशल की सुविधा एक से 17 मई तक यात्रियों को मिलेगी। 22 कोच की यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार को सूरत और शुक्रवार को ब्रह्मपुर से रवाना होगी।*

## पुलिस के साथ 18 कंपनियों ने निकाला फ्लैग मार्च







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान के सात दिन पूर्व बुधवार को अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने शहर को तीन हिस्सों में बांटकर फ्लैग मार्च निकाल कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। फ्लैग मार्च कलेक्टर तथा एसएसपी के निर्देश पर पुलिस तथा अर्ध सैनिक बल के जवानों ने किया। फ्लैग मार्च में पुलिस के सभी डिविजन के पुलिस अफसरों के साथ थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी शामिल हुए।

फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से होते हुए शहर को तीन भागों में बांटकर निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान तीनों टीम द्वारा रूट में पड़ने वाले सभी चौराहों, बस्ती एवं व्यस्त इलाकों में पैदल मार्च किया गया। इस दौरान रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह तथा एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने भी मरीन ड्राइव से होते हुए आवंति नगर तक पैदल मार्च किया।

## श्रमिक संगठनों ने निकाली रैली आमसभा में श्रमिक एकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर संयुक्त ट्रेड यूनियन काउंसिल के नेतृत्व में श्रमिक संगठनों द्वारा राजधानी में रैली निकाली गई। मोतीबाग चौक से निकाली गई रैली शास्त्री बाजार, छोटापारा होते हुए राजीव गांधी तिराहे पर आमसभा के रूप में तब्दील हुई। इस मौके पर मेहनतकशों को एकजुट होने आवाज बुलंद की गई और मई दिवस अमर रहे के नारे गूंजे।

■ मोतीबाग चौक से निकाली रैली, राजीव गांधी तिराहे पर आमसभा

मई दिवस के मौके पर राजधानी में विभिन्न श्रमिक संगठनों ने रैली निकाली। इसमें रायपुर डिविजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन, बीएसएनएल एम्पलाइज यूनियन, सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन, मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटिटिव्हज यूनियन, पोस्टल कर्मचारी संघ, सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन, छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ सहित विभिन्न घटक संगठनों से संबद्ध कामगारों ने शिरकत की।

इस अवसर पर हुई सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव धर्मराज महापात्र ने कहा कि इस वर्ष का मई दिवस नई चुनौतियों को लेकर आया है। यह दिवस ऐसे समय मनाया जा रहा है, जब देश में 18वीं लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। महंगाई, नोटबंदी, जीएसटी, मजदूर किसान विरोधी कानून, सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण, बेरोजगारी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। ऐसे में कामगारों को एकजुट होकर अपने हक की आवाज बुलंद करने की जरूरत है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में यह काम संगठित होकर अच्छे ढंग से किया जा सकता है।

#### मजदूर वर्ग की एकता को बनाया रखें

मौजूदा लोकसभा चुनावों में मजदूरों, किसानों और मेहनतकश लोगों के सभी वर्गों के लिए जरूरी है कि मजदूर वर्ग की एकता को बनाया रखें। नवउदारवादी नीतियों के साथ-साथ सांप्रदायिक विभाजनकारी के खिलाफ एकजुट संघर्ष को तेज करना है। आमसभा को एमके नंदी, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, एससी भट्टाचार्य एवं वीएस बघेल ने भी संबोधित किया।

### गांवों के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी लगाए जाएंगे इससे संबंधित कैंप

# रविवि ग्रामीणों को देगा कानूनी ज्ञान, कहा- खर्चीली न्याय प्रणाली चिंतनीय, इसलिए विधिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अब लोगों को विधिक सहायता देगा। इसके लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इस कैंप के माध्यम से लोगों को कानूनी ज्ञान दिए जाएंगे। विवि के स्थापना दिवस के मौके पर बुधवार को इसकी शुरुआत हुई। रविवि ने इसे विधिक सहायता क्लिनिक नाम दिया है। विधि अध्ययनशाला के अंतर्गत इसका संचालन होगा। शुभारंभ जेएनयू दिल्ली के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार शुक्ल द्वारा किया गया। विधि विभाग के प्राध्यापक तथा छात्र इसमें सहयोग प्रदान करेंगे। विधिक सहायता क्लिनिक के प्रभारी डॉ.एके साहू ने बताया, इस क्लीनिक को स्थापित करने के पीछे विश्वविद्यालय का उद्देश्य संविधान के अनुच्छेद 21 व 39 क में नागरिकों को प्रदत्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाना है। विधिक सहायता क्लिनिक उन लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करेगा, जो विधिक समस्याओं से निदान पाने में असमर्थ है।



खर्चीली न्याय प्रणाली लोगों के लिए चिंता का विषय है, इसीलिए इस क्लिनिक के माध्यम से वर्ष में दो बार ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

लॉ पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के लिए रविवि ने आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक, एलएलबी और बीएएलएलबी के लिए आवेदन पोर्टल 30 अप्रैल से खोल दिया गया है। छात्र बिना विलंब शुल्क 5 मई तक आवेदन कर सकते हैं। मई-जून में होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए ये आवेदन मंगाए जा रहे हैं। विलंब शुल्क सहित आवेदन तिथियों का जिक्र अधिसूचना में नहीं किया गया है।

#### देंगे योजनाओं की जानकारी

विधिक सहायता के अलावा सरकार की सामाजिक कल्याण योजनाओं का प्रचार-प्रसार पर जागरूकता उत्पन्न की जाएगी। विधिक सेवा क्लिनिक के जरिए विधिक समस्याओं के निदान के लिए दस्तावेजों के प्रारूपण की जानकारी व सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त विधिक सहायता चाहने वाले व्यक्तियों का सरकारी कार्यालयों से संपर्क स्थापित किया जाएगा। विधिक शिक्षा साक्षरता के उत्थान में सहायता प्रदान करना, लोक अदालतों में संस्थित मामलों के संदर्भ में मार्गदर्शन प्रदान करना भी इसके उद्देश्यों में शामिल है।

## क्लेम का भुगतान नहीं करने पर बीमा कंपनी के ऑफिस को सील करने पहुंचा न्यायालय प्रबंधन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्घटना मृत्यु बीमा क्लेम नहीं देने पर कोर्ट के आदेश पर बुधवार को एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के पुजारी चैंबर स्थित कार्यालय को न्यायालय प्रबंधन के अधिकारी सील करने पहुंचे। बीमा कंपनी ने कोर्ट से बीमा भुगतान करने दो दिन का समय मांगा है। दो दिन के बाद आरटीजीएस के माध्यम से पैसा ट्रांसफर करने का आश्वासन दिया है। याचिकाकर्ता वैशाली मिश्रा के वकील संतोष सेन तथा त्रिनाथ सेन के मुताबिक चार वर्ष पूर्व 29 जुलाई 2021 को वैशाली के पति हिमांशु मिश्रा की चिचोला ढाबा के पास रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। इसके बाद मृतक की पत्नी तथा उनके माता-पिता ने सात फरवरी 2022 को कोर्ट के माध्यम से बीमा क्लेम के लिए याचिका दायर की। मृतक के परिजनों की याचिका की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन की कोर्ट ने 24 फरवरी 2024 को संबंधित बीमा कंपनी को 84 लाख 18 हजार 152 रुपए क्लेम देने का फैसला सुनाया। कोर्ट के फैसले के बाद भी बीमा भुगतान नहीं करने पर कोर्ट ने नौ प्रतिशत ब्याज दर के साथ एक करोड़ 62 हजार 691 रुपए भुगतान करने आदेश जारी किया।

## खबर संक्षेप

### आईएएस रिचा की वापसी

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की 1994 बैच की अधिकारी रिचा शर्मा की राज्य में वापसी हो गई है। वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दो साल से दिल्ली में पदस्थ थीं। इसी दौरान राज्य सरकार ने जनवरी में उनकी वापसी के लिए मंजूरी दे दी थी। रिचा शर्मा एसीएस स्तर की अधिकारी हैं। बताया गया है कि उन्हें वन या स्वास्थ्य विभाग में से किसी एक या दोनों विभाग का प्रभार दिया जा सकता है। इन दोनों विभागों का अतिरिक्त प्रभार फिलहाल आईएएस मनोज पिंगुआ के पास है।

### कार्रवाई वापस लेने एम्स निदेशक से मिले चिकित्सा छात्र

**रायपुर।** मारपीट के मामले में हास्टल से छह माह के लिए निष्कासित किए गए चिकित्सा छात्रों को वापस लेने के लिए सहपाठियों ने एम्स निदेशक से मुलाकात की। निदेशक के साथ छात्रों की काफी देर तक चर्चा हुई और उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। करीब छह माह पहले रैगिंग की शिकायत पर बनाई गई कमेटी ने जांच की थी और मामले को मारपीट का माना था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एंटी रैगिंग कमेटी ने द्वितीय और तृतीय वर्ष के तीन छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की थी। कमेटी की बैठक के बाद छात्रों को इस बात की सख्त हिदायत दी गई है कि वे अपनी पढ़ाई पर फोकस करें।

### जिला कांग्रेस ने बोरे बासी खाकर मनाया मजदूर दिवस

**रायपुर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने बोरे बासी खाकर मजदूर दिवस मनाया। कांग्रेस भवन गांधी मैदान में कांग्रेस नेताओं ने सामूहिक रूप से एक साथ बैठकर बोरे बासी खाया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि श्रम का सम्मान करते हुए पारंपरिक भोजन बोरे बासी खाते हुए तस्वीर सोशल मीडिया में पोस्ट की। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय, महेंद्र छाबड़ा, प्रमोद तिवारी, पंकज शर्मा, एजाज ढेबर, प्रमोद दुबे, शिव सिंह ठाकुर, अरुण जंघेल, नीलकंठ जगत, गौतम यादव और बाबा मसीह उपस्थित थे।

### बापू की कुटिया को किया क्षतिग्रस्त

**रायपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक-52 के अंतर्गत अमलीडीह अपना गार्डन स्थित बापू की कुटिया को सोमवार की रात शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। बापू की कुटिया का संचालन करने वाली अपना जी वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सचिव गिरवर प्रसाद राठौर ने बताया कि 29 अप्रैल को सुबह बापू की कुटिया की साफ-सफाई करने वाली आया यहां पहुंची तो उसने पाया कि गेट के पास लगी हुई शीशे की खिड़की है, उसे असामाजिक तत्वों द्वारा पत्थर मारकर तोड़ दिया गया, वह पत्थर अंदर पड़ा मिला है। इस घटना से समिति के सभी सदस्य अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। समिति के अध्यक्ष शरद गुप्ता ने तत्काल स्मार्ट सिटी रायपुर एवं पुलिस थाने में रिपोर्ट कर दी है और अपेक्षा की है कि ऐसे उपद्रवी तत्वों पर तत्काल कार्रवाई कर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था प्रदान की जाए।

### 105 साल के कन्हैया राम ने किया मतदान

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में 100 प्लस उम्र के मतदाताओं में वोट करने को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 85 प्लस मतदाताओं को घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। इस सुविधा का लाभ उठाते हुए गुरुवार को 105 वर्षीय कन्हैया राम बंछोड़ जो ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांदुल के रहने वाले हैं, ने अपने घर पर पोस्टल बैलेट से मतदान किया। इसके एक दिन पहले ग्रामीण विधानसभा की 105 वर्षीय मतदाता रमा देवी शुक्ला ने भी घर बैठे मतदान किया था। कन्हैया राम बंछोर के 60 वर्षीय पुत्र हृदय सिंह बंछोर ने बताया कि उनके पिता का जन्म वर्ष 1919 में हुआ। वे हर चुनाव में मतदान करते है।

---

### यूनियन के पदाधिकारियों ने अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने की अपील की

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिक यूनियनों ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

मई दिवस दल्लीराजहरा नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न श्रमिक संगठन सहित अन्य संगठन शामिल हुए। मई दिवस के अवसर पर प्रातः 5:30 बजे माइंस ऑफिस कार्यालय तथा 6:00 बजे यूनियन कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया।

शाम को यूनियन के कामरेड और सभी सदस्यों को द्वारा बाइक रैली निकाली, जो यूनियन कार्यालय से माइन्स ऑफिस चौक से बस स्टेशन चौक होते हुए पूरे टाउनशिप को भ्रमण कर वापस यूनियन कार्यालय पहुंचकर आम सभा में तब्दील हुई। आमसभा को यूनियन के सभी कामरेड़ों ने संबोधित किया। हिंदुस्तान स्टील इंप्लाइज यूनियन राजहरा कि अध्यक्ष कामरेड पुरुषोत्तम सीमैया ने अंतरराष्ट्रीय मई दिवस की सभी सदस्यों को को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मजदूरों के पास ताकत है, जो सरकार के कानून को भी बदल सकता है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को अपने हक और अधिकार के लिए शोषण के खिलाफ एक होकर मुट्ठी बांधकर लड़ना होगा, तभी आपको सफलता मिलेगी और शोषण के खिलाफ लड़ाई जीत पाएंगे।



#### अधिकारों के लिए लड़ रहा यूनियन

कार्यकारिणी अध्यक्ष कामरेड ज्ञानेंद्र सिंह.ने कहा कि वर्तमान समय में मजदूरों का शोषण आम बात हो गई है। मजदूरों को ठेकेदार अधिकारी वर्ग ट्रेड यूनियन तथा स्वयं मजदूरो चारों से अपने अधिकार के लिए लड़ना पड़ रहा है। मजदूरों का सभी तरफ शोषण हो रहा है जैसे-जैसे समय बदलाता जा रहा है।

मजदूरों के हक और अधिकार पर डाका पड़ाना बढ़ते जा रहा है। कामरेड सुजीत मुखर्जी ने कहा कि खदान तथा मिल मालिकों पर मजदूरों की एकता को तोड़ने का आरोप लगाया।

#### क्यों मनाया जाता है मजदूर दिवस

यूनियन के सचिव कामरेड प्रकाश छत्रीय ने मई दिवस के संबंध में प्रकाश डालते हुए कहा कि 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर के हेय मार्केट में हजारों मजदूरों ने मिल मालिकों के शोषण के खिलाफ 8 घंटे कार्य की मांग को लेकर हड़ताल कर दी। मजदूरों का कहना था कि एक दिन में 24 घंटे होते हैं जिसमें 8 घंटा हम अपने परिवार को 8 घंटा शरीर को आराम के लिए तथा 8 घंटा मेहनत के लिए देंगे, क्योंकि मिल मालिकों के द्वारा मजदूरों से 12 से 16 घंटे काम कराया जाता था, वेतन भी कोई निर्धारण नहीं था। वह हड़ताल हिंसक हो गई, जिसमें कई लोग मारे गए और कई घायल हुए। इस घटना को लेकर 1 मई को अंतरराष्ट्रीय में दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। भारत में पहली बार मई दिवस 1923 में चेन्नई से शुरुआत हुई।

---

# भीषण गर्मी में कचरा संग्रहण कार्य बनी चुनौती



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड डौंडीलोहारा क्षेत्रफल की दृष्टि से बालोद जिला में बहुत बड़ा ब्लॉक है, जिसका एक बड़ा हिस्सा सघन वनों से घिरा हुआ है। जहां कम संसाधनों के बीच चुनौतियों को स्वीकार कर चाह है तो राह है की कहावत को चरितार्थ करते हुए महिलाओं ने स्वच्छता की बीड़ा उठाया है, जो निरंतर जारी है।

विकासखंड में अब डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य जोर पकड़ लिया है। गांव गांव में महिला समूह की स्वच्छाग्रहीयों ने अल सुबह ट्रायसिकल लेकर डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य करते नजर आती है।ऐसा ही नजारा गुरुवार को बालोद जिला के डौंडीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम रेंगनी व राघो नवागांव में देखने को मिला । स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने लगातार ग्राम पंचायतों का दौरा कर स्वच्छाग्रही महिला समूह का मनोबल बढ़ाने में लगे हुए हैं। मई माह की भीषण गर्मी में लोग अपने घरों में कूलर पंखे की हवा लेते आनन्द की अनुभूति कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर हड्डी को तपा देने वाली भीषण गर्मी में पसीना बहाते हुए स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को सफलता के पायदान पर ले जाने महिला स्व सहायता समूह की स्वच्छता दीदियों ने कड़ी मेहनत कर रहे हैं। स्वच्छाग्रही महिला समूह की ब्लॉक अध्यक्ष रमन बावरे ने बताया कि सप्ताह में दो दिन कचरा संग्रहण करने ग्राम पंचायत रेंगनी का भ्रमण कर घर घर जाकर ट्रायसिकल से कचरा इकट्ठा कर कचरा संग्रहण शेड में लाकर छंटनी करते हैं। इस अभियान को अमली जामा पहनाने में हमारे ब्लॉक के स्वच्छाग्रही दीदियों का योगदान किसी से छुपा नहीं है। राघोनवागांव की क्लस्टर अध्यक्ष शिव कुमारी ठाकुर ने बताया कि सप्ताह में दो दिन ट्रायसिकल लेकर गांव की गलियों में घूम घूम कर घरों से कचरा संग्रहण कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड में ले जाकर दिनभर जोखिम कारक कचरा व ठोस अपशिष्ट कचरा को छंटनी कर अलग अलग खण्ड में रखते हैं।

---

# विधायक संगीता ने दुर्ग से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र के लिए मांगा समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

कांकेर लोकसभा क्षेत्र में मतदान होने के बाद से क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर लगातार अन्य लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार कर रही हैं। गुरूवार को संगीता सिन्हा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के पक्ष में प्रचार करने कोहका भिलाई क्षेत्र पहुंचीं। इसके पूर्व में पाटन ब्लाक में लगातार सक्रिय रही थीं। प्रचार के दौरान संगीता सिन्हा जनसंपर्क के साथ नुक्कड़ सभा, जनसभा कर रही हैं। वे लगातार ग्रुप बैठक, कार्यकर्ताओं की बैठक कर उन्हें मार्गदर्शन कर रही हैं। शुक्रवार को संगीता सिन्हा राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जांजगीर चापा कोरबा क्षेत्र के प्रचार करेंगी। गुरूवार को संगीता सिन्हा जांचगीर चांपा के लिए रवाना हुईं।

- आज जांजगीर-चांपा के कोरबा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में करेंगी प्रचार

---

# डिब्बा बंद खाद्य सामग्री पर लेबल नियमों का पालन अनिवार्य : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

समस्त खाद्य कारोबारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत विक्रय किए जा रहे डिब्बा बंद, पैक्ड खाद्य सामग्री पर लेबल नियमों का पालन करना अनिवार्य है। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विक्रय किए जा रहे डिब्बा बंद, पैक्ड खाद्य सामग्री के लेबल पर खाद्य सामग्री का नाम, संघटक पदार्थ, न्यूट्रिशन वैल्यू, ग्रीन, रेड लोगो, मात्र, कीमत, बैच नंबर, निर्माण तिथि, अवसान तिथि, निर्माता, वितरक का पूर्ण पता, एफएसएसएआई अनुज्ञप्ति, पंजीयन एवं अन्य आवश्यक जानकारी अंकित होना चाहिए। जिससे उपभोक्ता उन्हें पढकर खाद्य सामग्री क्रय कर पोषक एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का उपभोग कर सके। उन्होंने बताया कि उक्त जानकारी अंकित किए बिना पैक्ड खाद्य सामग्री निर्माण एवं विक्रय करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 52 के अंतर्गत स्वतः मिथ्याछाप प्रतीत होता है। जिसके अंतर्गत संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता पर तीन लाख रुपये तक अर्थदण्ड का प्रावधान है। उन्होंने समस्त खाद्य कारोबारकर्ता को संपूर्ण जानकारी युक्त पैक्ड खाद्य सामग्री का ही निर्माण एवं विक्रय करना चाहिए। इसके साथ ही उपभोक्ताओं से भी यह अपेक्षित है कि वे पैक्ड खाद्य सामग्री क्रय करने के दौरान लेबल पर अंकित जानकारी पढ़कर ही क्रय करें जिससे उन्हें पोषक एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

- जिला खाद्य अधिकारी ने व्यापारियों से की नियमों के पालन की अपील

---

# कांकेर सांसद मंडावी ने भाजपा प्रत्याशी विजय के पक्ष में मतदान का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



पाटन विधानसभा के तुलसी में कांकेर सांसद मोहन मंडावी, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर सहित भाजपा नेताओं ने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में सघन जनसंपर्क किया।

दुर्ग लोकसभा अंतर्गत पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तुलसी में गुरुवार को भाजपा नेताओं ने सघन जनसंपर्क करते हुए भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया और लोगों से भाजपा को जिताने की अपील की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने ग्राम तुलसी में नुक्कड़ सभा लेकर केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने की बात कही। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में मोदी की गारंटी धरातल पर दिख रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों के कल्याण के लिए सरकार बनने जा रही है। छत्तीसगढ़ की जनता के साथ मोदी जी ने जो गारंटी दी थी, वह पूरी भी हो रही है। इस दौरान दुर्ग जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर व अन्य नेताओं ने भी जनसम्पर्क के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराकर पुनः नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल को वोट देने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अजेंद्र साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गुण्डरदेही श्रीकांत वर्मा, सांसद प्रतिनिधि दयाराम सिन्हा, भाजपा मध्य मंडल पाटन अध्यक्ष खेमलाल साहू, महामंत्री हरिशंकर साहू, निक्की योगेश भाले नेता प्रतिपक्ष पाटन, अतिस सपहा संयोजक शक्तिकेंद्र, बाबा वर्मा कार्यालय प्रभारी, सुरेंद्र निषाद सरपंच तुलसी सहित अन्य भाजपा नेतागण उपस्थित थे।

---

### बालोद शहर की अभिप्रेरणा ग्रुप की महिलाओं ने उठाया बीड़ा

# गर्मियों में पक्षियों के लिए दाना-पानी जुटाने की पहल, घर-घर सकोरे बांट रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बेजुबानों की सेवा भी एक पुण्य का कार्य होता है, ऐसे में बालोद शहर की अभिप्रेरणा ग्रुप की महिलाएं इस काम में पीछे नहीं हैं। महिलाएं गर्मी को देखते हुए खासतौर से पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम करने में जुटी हुई हैं। अपने घर से शुरुआत करने के अलावा वह अपने आसपास के क्षेत्रों में सकोरे की व्यवस्था कर रही हैं। लोगों को घर-घर जाकर सकोरे बांटे जा रहे हैं।

- ग्रुप ने दिया नारा-पहले दिन हम अगले दिन आप

सकोरे देने के साथ महिलाएं उनसे सकोरों में दाना और पानी रखने की अपील कर रही हैं। अभिप्रेरणा ग्रुप की ने नारा दिया है पहले दिन हम, अगले दिन से आप यह पहल जारी रखें, इसलिये महिलाएं जब सकोरा देती हैं, तो चावल और पानी भर कर देती हैं। साथ ही जिन्हें सकोरा भरकर दिया जा रहा है, उनसे सकोरों में प्रतिदिन दाना पानी रखने की अपील कर रही हैं। खास बात यह है कि इस काम में सकोरे की व्यवस्था नवरात्रि में खाली हुई ज्योति कलश से की जा रही है।





#### ज्योति कलश विसर्जन के बाद खाली पात्रों का कर रहे उपयोग

अक्सर देखा जाता है कि मंदिरों में ज्योति कलश विसर्जन के बाद कटोरी नुमा पात्र खाली रखे रहते हैं। ऐसे में उन्हें नवाचार करते हुए उनका सही इस्तेमाल पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए किया जा रहा है। साथ ही बाजार से नया सकोरा भी लिया जाता है। इस अभियान से बालोद ही नहीं बल्कि दूसरे जिले के लोग भी जुड़ने लगे हैं। सकोरा बांटकर लोग सुकून महसूस कर रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि प्रतिदिन बालकनी और आंगन में पानी का सकोरा रख रहे हैं। उनमें पक्षी आकर पानी पीते हैं। इस छोटी सी कोशिश से भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाई जा सकती है। हमें मिलकर इसी तरह बेजुबान पक्षियों की पानी के लिए मदद करनी होगी।

#### ऐसे शुरू हुई चिड़ियों के लिए दाना पानी प्रबंधन अभियान

अभिप्रेरणा ग्रुप की महिलाओं द्वारा अपने घर के साथ दूसरों के घरों में भी चिड़ियों के लिए दाना पानी पात्र रखने का मुहिम चलाया जा रहा। बालोद के अलग-अलग क्षेत्र में घर घर जा कर चिड़ियों के लिए दाना और पानी रखने सकोरा वितरण किया जा रहा है। साथ में प्रेरित भी कर रही हैं। इसके लिए पानी के लिए बड़ा एवं दाने के लिए छोटे सकोरा का वितरण पानी और चावल डाल के दिया गया। ग्रुप की महिलाओं द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से भी सन्देश और अपील की जा रही है। इससे छत्तीसगढ़ के अलग-अलग क्षेत्र से भी लोग इस मुहिम में जुड़ रहे हैं। समूह की महिलाओं ने सभी से निवेदन किया है कि जो भी ये नेक काम कर रहे वो अपना नाम और स्थान का नाम लिख कर हमें फोटो अवश्य शेयर करें। अभिप्रेरणा ग्रुप की कादम्बिनी यादव, गायत्री साहू, तुलसी डोंगरे, नीलम रावटे, राजेश्वरी तिवारी, विनोदिनी यादव, अर्चना ताम्रकार, सुमन साहू, शिव श्रीवास्तव, टोमिन साहू सहित अन्य सदस्य इस मुहिम में सक्रिय सहभागिता दे रहे तथा सभी से इस मुहिम में जुड़ने निवेदन भी किया है।

---

### गुण्डरदेही अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चुने गए विनय

**गुण्डरदेही।** बुधवार को गुण्डरदेही अधिवक्ता संघ का चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में थे। कुल 41 मतदाताओं में से अध्यक्ष पद के लिए विनय बंजारे ने 27 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। वहीं, उपाध्यक्ष देवचरण यादव तथा सचिव बाबूलाल सिन्हा चुने गए।



---

# अंचल में सट्टा जोरों पर, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बीते कुछ महिनों से अंचल में सट्टा का कारोबार तेजी से बढ़ गया है। नगर सहित ग्राम कन्हारपुरी, दानीटोला, बोरतरा, कोलिहामार सट्टा का बड़ा हब बन गया है।

तहसील के तीनों थाना गुरूर, सनौद एवं पुरूर सहित कंवर चौकी क्षेत्र में सट्टा का अवैध कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। इन अवैध कारोबारियों को राजनीतिक दलों के कुछ नेताओं के संरक्षण होने का दावा किया जा रहा है, जिसके चलते पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं करने की चर्चा आम है।

बीते कुछ माह से पुलिस प्रशासन द्वारा सट्टा के खिलाफ कार्रवाई लगभग बंद कर दी गई है, जबकि आज भी ग्राम दानीटोला, गुरूर एवं कन्हारपुरी के आधा दर्जन सटोरियों द्वारा जो प्रमुख खाईवाल है द्वारा लाखों की खाईवाली की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कन्हारपुरी एवं दानीटोला के सटोरियों ने 2000 रूपये प्रतिदिन की मजदूरी पर कामगार भी रखा हुआ है, जो खाईवाल के लिए नंबर लिखने का कार्य करते हैं। यह क्रम बीते कई साल से है, यही कारण है कि पुलिस कार्रवाई के दौरान खाईवाल के प्यादे ही पकड़ में आते हैं। खाईवाल तक पुलिस इन वर्षों में एक दो बार ही पहुंच सकी है। वहीं, इन खाईवालों ने गांव-गांव में अपने एजेंट बैठा रखे हैं।

#### हो चुकी है आधा दर्जन मौत

पिछले कुछ समय में सट्टा खेलने एवं लाखों के कर्ज में फंसे होने से तहसील क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक युवाओं ने आत्महत्या कर ली है। कुछ मामलों में तो यह बात स्पष्ट रूप से सामने आई एवं घटना स्थल पर सट्टा से जुड़े तथ्य भी मिले। लेकिन, उसके बाद भी पुलिस प्रशासन उन खाईवालों, सटोरियों तक नहीं पहुंच सकी है। सट्टा के बढ़ते कारोबार के चलते सामाजिक ढांचा चरमराने लगा है। छोटे बच्चे भी सट्टे के मकड़जाल में फंसते नजर आ रहे हैं। नगर में ही आधा दर्जन स्थल ऐसे हैं, जहां छोटे बच्चों को भी समूह बनाकर सट्टा नंबर के लिए गुणा भाग करते देखा जा सकता है।

---

## पेज 9 का शेष

### सैकड़ों लोगों ने बाइक रैली ...

संबोधित किया और नगर में अधिक से अधिक मतदाता मतदान करें इसके लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी से कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूर करें।वही पुलिस अधीक्षक श्री साहू ने भी मतदाताओं से मतदान की अपील की। रैली जयस्तंभ चौक से शुरू हुई। शहर के मुख्य चौक-चौराहों विभिन्न स्थानों से गुजरी और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने मतदान की शपथ दिलायी। इस रैली में सीईओ जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

### सिर्राभाटा में बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित

**बालोद/सिकोसा।** प्राथमिक शाला सिर्राभाटा में बच्चों का परीक्षा परिणाम बताया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक निषाद एवं सहायक शिक्षक नरेंद्र ठाकुर एवं मरकाम की उपस्थिति में अंक सूची का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि शाला अध्यक्ष खिलावन सिन्हा थे, अध्यक्षता समाज सेवी बलराम सिन्हा ने की। राजेश सिन्हा, तीजू राम साहू, श्यामलाल धनकर, दामू साहू, नरेंद्र कुमार सिन्हा, पुनीत ठाकुर, फूल सिंह, आरती बघेल, मनभा बाई सिन्हा एवं स्कूल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**बेमेतरा/नवागढ़।** जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत बेसिक मैदान बेमेतरा में लोकतंत्र के महापर्व चुनई तिहार के लिए मतदाता जागरूकता अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए सांस्कृतिक कला मंच शिक्षा विभाग नवागढ़ की ओर से सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने खूब सराहा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रणवीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू इस कार्यक्रम की खूब तारीफ की। प्रस्तुत कार्यक्रमों में चुनई तिहार येला जुरमिल मनाबो जी, जम्मों मतदाता वोट डारे ल जाबो जी। दूसरी प्रस्तुति जागो जागो रे जागो रे मतदाता, विधाता बनो भारत के बहुत सराही गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ एल.एन बांधे एवं बीआरसीसी सोनूराम साहू के कुशल निर्देशन में मतदाता जागरूकता प्रस्तुतकर्ता सदस्य शिक्षा विभाग नवागढ़ की ओर से शिक्षक महेश कुमार साहू, शान्त कुमार पटेल, जॉनी मारकंडे, राम कुमार साहू, परमेश्वर साहू, संजय मस्तके, भीखम देवांगन, नरेंद्र जायसवाल, डूमन लाल साहू, किशन कँवर, दीपक कुमार यादव, शिक्षिका साधना साहू, अर्चना ढोबले, प्रेक्षा साहू, मंजू भारद्वाज, समता सोनी, संजीवा राय, अनिता भैना, गोपेश्वरी साहू सुमनलता साहू, सभी ने मिलकर प्रस्तुति दिए।

### घर में घुसा चोर, नकदी और 30 हजार की अंगूठी पार

**बालोद।** थाना कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर अज्ञात चोर ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम झलमला के घोठिया चौक में मनीष साहू के घर 29 और 30 अप्रैल की दरमियानी रात एक अज्ञात चोर घर में घुस गया। आरोपी ने पर्स में रखे 800 रुपए और अलमारी से 30 हजार रुपए की सोने की अंगूठी की चोरी की है। मामले में प्रार्थी ने कोतवाली थाना में शिकायत की है, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अब जांच में जुट गई है।

**बैठक :** सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया अंतिम प्रशिक्षण

# सतर्क व निष्पक्ष होकर काम करें माइक्रो ऑब्जर्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) एसबी शेट्टीनावर (आई.ए.एस.) की उपस्थिति में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक निर्वाचन कराये जाने के उद्देश्य से चिन्हित मतदान केंद्रों पर तैनात किये गये माइक्रो ऑब्जर्वर को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों की जानकारी प्रदान करने के लिए अंतिम प्रशिक्षण गुरूवार को कलेक्टोरेट के दृष्टि सभाकक्ष में दिया गया।

माइक्रो आब्जर्वर को ज़िला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सुनील झा ने हिन्दी और अंग्रेज़ी दिनों भाषाओं में प्रशिक्षण दिया । प्रशिक्षण में सभी को मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया तथा उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी दी गई। माइक्रो आब्जर्वर को मतदान के दिन की प्रक्रिया के संबंध में बताया। साथ ही सभी माइक्रो आब्जर्वर को ईवीएम व वीवीपीएटी की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी गई।

प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक श्री शेट्टीनावर ने कहा कि निर्वाचन की शुचिता, निष्पक्षता, गुणवत्ता व समयबद्धता को सुनिश्चित करने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गयी है, उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर्स की भूमिका और दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इस दौरान उनकी शंकाओं का भी समाधान किया। प्रेक्षक ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर मतदान दल का सदस्य नहीं होता है। वह मतदान दलों के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करने के लिए नियुक्त किया जाता है। इसलिए माइक्रो आब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। वे सीधे प्रेक्षक को मतदान से संबंधित फीडबैक देंगे। प्रेक्षक ने प्रशिक्षण सत्र में कहा कि चुनाव प्रक्रिया को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए यह आवश्यक है कि सभी को अपने दायित्वों की जानकारी हो । यदि चुनाव के दौरान कोई प्रक्रिया आपको सही नहीं लगती है तो इसकी सूचना तत्काल दी जाए। उन्होंने कहा कि ये माइक्रो आब्जर्वर को ये सुनिश्चित करना होगा की किसी भी विधानसभा क्षेत्र में दोबारा वोटिंग की स्थिति न बने। प्रशिक्षण में ईवीएम एवं वोटिंग कम्पार्टमेंट की सुरक्षा और गोपनीयता की ओर विशेष ध्यान देने कहा। प्रशिक्षण में ये बताया गया कि माइक्रो आब्जर्वर पोलिंग पार्टी के साथ ही मतदान केंद्रों तक पहुंचेंगे और शाम को आब्जर्वर या उनके प्रतिनिधियों को रिपोर्ट सौंपेंगे।




### माइक्रो आब्जर्वर की रिपोर्ट से स्थानीय कर्मचारियों की रिपोर्ट को किया जाएगा क्रॉस चेक

प्रेक्षक श्री शेट्टीनावर ने कहा कि आयोग ने माइक्रो आब्जर्वर को इसलिए नियुक्त किया है कि कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर आपकी रिपोर्ट से स्थानीय कर्मचारियों की रिपोर्ट को क्रॉस चेक किया जा सके। उन्होंने सुझाव दिया कि माइक्रो ऑब्जर्वर रिपोर्ट के किसी भी कॉलम को खाली नहीं छोड़ेंगे। प्रेक्षक ने बताया कि माइक्रोऑब्जर्वर पोलिंग पार्टी का अंग न होकर प्रेक्षक के प्रतिनिधि के तौर पर मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर सभी प्रक्रियाओं को वाच करेंगे और उसकी टाइमिंग को अपने प्रपत्र पर भरते रहेंगे। उन्होंने बताया कि माइक्रो ऑब्जर्वर को मॉकपोल अपने सामने संपन्न कराना है। मतदान कब शुरू हुआ और अंतिम मतदाता ने किस समय अपना वोट डाला, अपरान्ह तीन, चार व पांच बजे मतदान केंद्र पर कितने लोग लाइन में लगे हुए थे, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट कब-कब मतदान केंद्र पर भ्रमण के लिए पहुंचे, पोलिंग एजेंट को पीठासीन अधिकारी द्वारा बैलेट व कंट्रोल यूनिट का नंबर दिया गया अथवा नहीं, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय सही प्रकार से अपना कार्य कर रहे हैं या नहीं, वोटिंग कंपार्टमेंट इस तरह से बनाया गया है कि वो पोलिंग पार्टी मतदान केंद्र से कब रवाना हुईं आदि से सूचनाओं को आयोग द्वारा दिये गये प्रपत्र पर भरना होगा।

### विभिन्न प्रक्रियाओं की दी गई जानकारी

मास्टर ट्रेनर श्री झा ने सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को पी.पी.टी के माध्यम से माइक्रो ऑब्जर्वर के कार्य एवं उत्तरदायित्वों को विस्तार से बताया गया। माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति क्रिटिकल मतदान केन्द्रों में लगाई जाती है। ये सामान्य प्रेक्षक के प्रतिनिधि के रूप में मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र में उपस्थित होकर मतदान प्रक्रिया का पर्यवेक्षण कार्य करते हैं । मास्टर ट्रेनर ने बताया की समय 90 मिनट पूर्व सम्पन्न होने वाली मॉक पोल प्रक्रिया की निगरानी करना, मॉक पोल करने के बाद उसके डाटा को क्लीयर बटन दबाकर हटाने के कार्य का निगरानी, व्ही. व्ही. पेट के ड्रॉप बॉक्स के मॉक पोल की पेपर पर्चियों को निकालकर काले रंग के लिफाफे में सील बंद करने की कार्य की निगरानी, मतदाताओं के मतदान कक्ष में आने और जाने की व्यवस्था देखना, मतदाता रजिस्टर प्रारूप 17 की प्रविष्टियों देखना, मतदान मशीन सीलिंग प्रक्रिया की निगरानी, मॉक पोल प्रमाण पत्र तैयार करने के कार्य में निगरानी आदि की

# सामान्य प्रेक्षक ने किया अंधियारखोर और समेसर मतदान केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) एसबी शेट्टीनावर (आई.ए.एस.) गुरुवार ज़िले के विधान सभा क्षेत्र 70 नवागढ़ पहुँचे। उन्होंने दो मतदान केंद्रों अंधियारखोर व समेसर का निरीक्षण किया। उनके साथ लायज़निंग ऑफिसर कार्यपालन अभियंता जलसंसाधन चन्द्रशेखर शिवहरे साथ थे। प्रेक्षक श्री शेट्टीनावर ने रविवार को जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा के 9 मतदान केंद्रों देवकर के 4 मतदान केंद्र रखी स्थित 2 , भोजपारा,मोहगांव और अकलवारा का एक-एक मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया था । उससे पहले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 बेमेतरा के बूथ केंद्रों में जाकर मूलभूत सुविधा बिजली,पानी, शोचालय, रैंप और मतदाताओं के मतदान वाले दिन की जाने वाली छाया व व्यवस्था देखी थी। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपस्थित संबंधित कर्मचारियों को महिला एवं पुरुष मतदाताओं के साथ ही 80 से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या की जानकारी लेते हुए उनके लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। ताकि ख़ासकर उन्हें मतदान करने आने पर कोई परेशानी या कठिनाई ना हो। सामान्य प्रेक्षक श्री शेट्टीनावर ने बूथ पर मतदान करने वाले वोटरों की संख्या पूछी।




### मतदाताओं को न हो कोई परेशानी

सामान्य प्रेक्षक श्री शेट्टीनावर ने बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओ के लिए व्हिलचेयर और वालंटियर की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने उपस्थित बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को शत-प्रतिशत मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वीप गतिविधियों का आयोजन करने एवं मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा । उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसलिए छाया और पेयजल की व्यवस्था हो इस बात का खास ध्यान रखें।

# प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में सुरक्षित है हमारा देश : राजेन्द्र

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने पार्टी प्रत्याशी विजय के पक्ष में किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र शर्मा ने विधायक दीपेश साहू के साथ जन सम्पर्क कर भाजपा के लिए वोट मांगा।

पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द शर्मा ने मतदाताओं से अपील की कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान करें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो भी कहा वह करके दिखाया है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी ने महतारी वंदन योजना के तहत 1 हजार रूपये महिना प्रत्येक महिला को मिल रहा है। किसानों को 3100 रूपये धान की राशि वो भी एकमुश्त उनके खाते में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार से मिला है। मोदी सरकार से किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत 6 हजार रूपये सालाना मिल रहा है मोदी सरकार ने युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं, जिनका लाभ सभी को मिल रहा है। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि यह चुनाव देश का चुनाव है। हर नागरिक, हर मतदाता यह चाहता है कि देश सही हाथों में सुरक्षित रहे। नरेन्द्र मोदी ही ऐसे व्यक्ति है जिनके नेतृत्व में देश की शान मान बनी रहेगी। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि विजय बघेल अपने पाँच साल के कार्यकाल में बेमेतरा में लगातार सक्रिय रहे हैं। लोगों के सुख-दुख में उनका आना-जाना रहा है। यहां के विकास के लिए उन्होने निरंतर संघर्ष किया।

जन सम्पर्क के दरम्यान विधायक दीपेश साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, हर्ष तिवारी, राकेश मोहन शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचु साहू, डॉ. विनय साहू, विकास घरडे, पार्षद नीतू कोठारी, नंदू गुप्ता, विकास तम्बोली, ममता साहू, केशव साहू, निखिल साहू, तुषार साहू, रोशन दत्ता, नीलू राजपूत, राजकुमार खाण्डे, गोलू कोशले, युगल देवांगन, राजकुमार देवांगन, तारण राजपूत, धर्मेन्द्र साहू, सावित्री रजक, सुनिता यादव, गोपी देवांगन, पुन्यांश श्रीवास्तव संहित भाजपा कार्यकर्ता घरो-घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।



# व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण के लिए समर कैम्प सबसे अच्छी जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रभु स्मृति भवन रेस्ट हॉउस रोड में सात दिवसीय समर कैम्प हम होंगे कामयाब 3 प्रारम्भ किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, कार्यक्रम अध्यक्ष अधीक्षक उपजेल दिनेश चंद्र ध्रुव , विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता बलराम साहू , सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने दीप प्रज्वलित करके किया गया ।

- प्रभु स्मृति भवन में बच्चों के लिए समर कैंप का शुभारंभ

इस अवसर पर श्री छाबड़ा ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा बच्चों के समर कैम्प का यह तीसरा वर्ष है। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों को आध्यात्म, ज्ञान, संस्कार के साथ जोड़ना है। देश की संस्कृति और संस्कार से अवगत कराना है। सात दिन में इंसानियत का पाठ भी पढ़ाया जाएगा। आधार जितना मजबूत होगा, इमारत उतने ही अच्छे तरीके से खड़ी होगी। आज का जो परिवेश है उसमें नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है। बच्चे आने वाले समय में अच्छा इंसान बनकर देश, प्रदेश अपने माता पिता का नाम रौशन करें। उपजेल अधीक्षक ध्रुव ने कहा कि व्यक्तित्व में निखार लाने के लिए सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास जरूरी है। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। हमेशा सीखने के लिए तैयार रहे। अधिवक्ता बलराम साहू ने कहा कि चरित्र निर्माण की शिक्षा प्राप्त करने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान का समर कैम्प सबसे अच्छी जगह है। आप लोग जब बड़े होकर किसी जिम्मेदार पद पर कार्य करेंगे तब आप लोगों को यहाँ से प्राप्त शिक्षाएं बहुत काम आएंगी।






### व्यक्तित्व विकास करना उद्देश्य

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने बच्चों को अपने आशीर्वचन में कहा कि हरेक माता-पिता की यह शुभ इच्छा होती है कि उनका बच्चा बड़ा होकर किसी उँचे पद पर आसीन हो और उनका नाम रौशन करे। इसलिए वह लोग बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए पूरा प्रयास करते हैं। सभी बच्चों को ब्लेसिंग इकठ्ठा करने का होमवर्क दिया गया। इस समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिक एवं आध्यात्मिक गुणों का समावेश कर उनके व्यक्तित्व का विकास करना है।

### नैतिकता का गुण महत्वपूर्ण

समारोह में डॉ. चेतना मिश्रा ने कहा कि जीवन में नैतिकता का गुण सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। यह व्यक्तित्व विकास के लिए भी जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अपने लक्ष्य पर फोकस करें। रोज उसके लिए समय निकालें तो दिन-प्रतिदिन आपको सुधार दिखाई देगा। कुछ समय बाद आप उस क्षेत्र में मास्टर बन जाएंगे। हमें हर परिस्थिति का मुकाबला करना चाहिए। सीखिए और अपने में सुधार करिए। इससे जीवन में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

# सेवानिवृत होने पर शिक्षक कृष्ण को दी विदाई

**बेमेतरा।** बेरला ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डंगनिया ब में समारोह का आयोजन का प्रधानपाठक कृष्ण कुमार साहू को 41 वर्ष की शासकीय सेवा करने के बाद सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार द्वारा विदाई दी गई । इस दौरान शिक्षकों द्वारा उनके किए गए कार्यों व शिक्षक गतिविधियों का स्मरण किया गया । उनके कार्य के दौरान विद्यालय के अन्य कर्मचारियों से मिले सहयोग की चर्चा करते हुए बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने की बात कही। उनके शैक्षणिक गतिविधियों में उनके अनुशासन, व उनके काम के प्रति उनकी कर्मठता, लगनशीलता को याद किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक राजा सिंह वर्मा ने उनके साथ बिताए गये समय को याद किया, उन्होंने बताया कि कृष्ण कुमार साहू जी स्कूल के हर कार्य को पूरी लगन से और पूर्ण समर्पण के साथ किया करते थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। हर कार्य के लिए हर समय पूरी तरह से अपडेट रहा करते थे। अब उनके नए दायित्व पारिवारिक जीवन में आप हर कार्य को सुगमतापूर्वक करें और उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी।



### ये रहे उपस्थित

समारोह में बेरला के बी आर सी खोमलाल साहू, संकुल समन्वयक राजा सिंह वर्मा, हाईस्कूल के प्राचार्य मनोज ठाकुर, संस्थान के अन्य स्टाफ गांधी राम साहू,राकेश पराते, रामेश्वर निषाद, फिरोज जोशी, कमलेश साहू, पुनीत मंडावी, महेश सिवाना, ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि डेली राम साहू, जनपद सदस्य दरबारी साहू, जगराखन साहू, मोहित साहू,खेलावन साहू, लखन साहू, गोकुल साहू, सुरेश साहू, राजू साहू, चेतन यादव, संस्था के पूर्व छात्र वीरेन्द्र साहू, वाकेश साहू, तारिणी साहू, वर्षा साहू, रोशनी

### युवक का शव मिला

भिलाई। युवक का नाले में शव मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बुधवार की सुबह चन्द्रा-मौर्या टाकिज के पास नाली में मृत हालत में युवक का शव मिला। जिसका शिनाख्त करने पर किशोर हटिले डोगरगढ़ निवासी के रुप में पहचान हुई। मृतक रोजी-मजदूरी का काम करता था।




# महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

7 मई को छत्तीसगढ़ में होने वाले तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर विधायक दीपेश साहू व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा आईएचडीपी कलोनी में महतारी वंदन योजना लाभार्थी सम्मान समारोह में शामिल हुए।

- महतारी वंदन योजना लाभार्थी सम्मान समारोह में शामिल हुए पूर्व नपाध्यक्ष

इस दौरान उन्होंने योजना से लाभान्वित महिलाओं को सम्मानित किया। इसके अलावा विभिन्न वार्डो में जनसम्पर्क कर केंद्र की मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी ।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि भाजपा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से लेकर उनके स्वस्थ्य स्वावलंबन तथा उन्हें आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं से आज देश की करोड़ों नारी शक्तियों के जीवन में सकारातत्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, पंचू साहू,हर्ष तिवारी ,राकेश मोहन शर्मा ,विकाश तम्बोली , विकाश घरड़े ,धर्मेंद साहू, रोहित साहू, दीना नाथ साहू ,राजू देवागन, युगल देवागन, गौरव साहू, संतोष वर्मा ,हेमलता शर्मा ,ममता साहू ,ममता मिश्रा, मैना देवी, सजनी यादव सहित महिलाये बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।






